




नवभारत
भोपाल, शनिवार 6 सितंबर, 2025


## एक नजर में



### शिक्षक दिवस पर स्कूलों में कार्यक्रम

**राहतगढ़.** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अतिथि शिक्षकों ने सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन का जन्म दिवस शिक्षक दिवस के रूप में मनाया. अतिथि शिक्षकों ने संकुल प्राचार्य राजकुमार कपूर का सम्मान किया. इस दौरान अतिथि शिक्षकों ने कहा कि आज डॉ राधाकृष्णन के कारण हम सभी शिक्षकों का समाज में एक उच्च स्थान है.



### रोटरी क्लब ने किया शिक्षकों का सम्मान

**सागर.** शिक्षक दिवस पर रोटरी क्लब सागर सेंटल के द्वारा भगवानगंज स्थित गुरुकलम फाऊंडेशन में शिक्षकों का सम्मान किया गया.अध्यक्षता अध्यक्ष रो अभिनय जैन ने की. संयोजक रो सुधीर जैन की बिटिया ने गुरुओं के सम्मान स्वरूप कविता का वाचन किया. असिस्टेंट गवर्नर रो.विजय भूषण ने भी विचार व्यक्त किए. रो. अनुराग चौधरी ने भी विचार व्यक्त किए. आभार डा आजाद जैन ने किया. इस दौरान राजीव चौधरी, समीर सराफ, दिनेश शिल्पी, सत्री चौकसे उपस्थित रहे. संचालन अशोक सोनी ने किया.



### गणेश उत्सव में 56 भोग लगा कुबेर धाम में

**सागर.** बाईसा मुहाल नरयावाली नाका वार्ड में स्थित कुबेर धाम श्री त्रि शक्ति शिव मंदिर में विराजमान गणेश भगवान को बाल गणेश समिति के बच्चों के द्वारा 56 भोग लगाया गया और महा आरती की गई. इस अवसर पर विमलेश अवस्थी, परशुराम कल्याण बोर्ड तहसील प्रभारी पवन तिवारी, दीपक सोनी, आकाश अवस्थी, साहिल अवस्थी,नारायण सेन, राजेश यादव,रीतेश गोलनदास, भगवानदास सेन,निलय अग्निहोत्री, तरुण पटैल, राम्या तिवारी, पूर्वी सेन, मेघा पटैल, रोहणी पटैल, समीर सोनी उपस्थित रहे.



### शिक्षक बिना ज्ञान नहीं और जीवन नहीं

**सागर.** द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब्स ऑफ इंडिया 323जी 2से संबद्ध वी क्लब सागर प्रगति द्वारा शिक्षकों को एवं मनीष केसरवानी, वीरेंद्र कलसिया और प्रीति केसरवानी को सम्मानित किया गया. क्लब संस्थापिका विनीता केसरवानी ने कहा कि शिक्षक ही भविष्य के निर्माता है .क्लब अध्यक्ष शशि साहू ने कहा कि शिक्षक बिना ज्ञान नहीं और शिक्षक बिना जीवन नहीं. कार्यक्रम में आकांक्षा केसरवानी, संध्या केसरवानी, कंचन गुप्ता, उमाशांति साहू, रंजीता केसरवानी, वंदना केसरवानी, सुनीता केसरवानी, रितु केसरवानी, अमिता साहू, विश्वाभा, अलका, रश्मि ज्योति उपस्थित रहीं.



### पंचमेरु नंदीश्वर दीप की आकर्षक झांकी

**गौरझामर.** महावीर जिनालय कमेटी के मार्गदर्शन में महावीर आरती मंडल के सदस्यों द्वारा पंचमेरु, नंदीश्वरदीप की झांकी का अवलोकन ब्रह्मचारिणी किरण दीदी, ब्रह्मचर्य अनीता दीदी व संपूर्ण समाज द्वारा किया गया. झांकी में लाइटों के द्वारा इस तरह से सजाया गया कि आकर्षक,लगे वह देखने वाले कोई ऐसा प्रतीत हो कि नंदीश्वर दीप में भ्रमण कर रहे हो.



### दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा कार्यक्रम

**सागर.** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सागर संस्कार ग्रुप के सभी सदस्यों द्वारा रवि शंकर स्कूल के पीछे सम्मान की श्रृंखला में संस्कार ग्रुप के 10 शिक्षिक व 5 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. इस अवसर पर प्राचार्य सुरेंद्र मिश्रा को शॉल - श्रीफल सर्टिफिकेट एवं मेडल से सम्मानित किया गया. इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती सेठ अमित जैन, सचिव आशुतोष जैन, कोषाध्यक्ष नितिन जैन, संरक्षक अभिनय जैन, अभिषेक जैन, नितिन जैन एवं सदस्य सचिन जैन, नीरज जैन मौजूद रहे.

# स्मार्ट सड़कों के गड्ढे भरेगी निगम

## वर्षाकाल में क्षतिग्रस्त सड़कों का बिटुमिन द्वारा पेंचवर्क और सुधार कार्य होगा 55 लाख 52 हजार से



**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 सितंबर. बुंदेलखंड के संभागीय मुख्यालय सागर स्मार्ट सिटी की सड़कें इस वर्ष भी वर्षाकाल के पानी को झेल नहीं सकी हैं. वर्तमान में तो स्मार्ट सिटी के माध्यम से ही अधिकांश सड़कों का या तो निर्माण कार्य कराया गया या फिर निर्माणाधीन है.**

मालूम हो कि सिविल लाइन चौराहे से तिली तिराहा तक एसआर-2 और तिली तिराहा से मेडिकल कॉलेज के रास्ते पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति बस स्टैंड तक एसआर-1 का निर्माण करोड़ों रुपए की लागत से स्मार्ट सिटी ने ही कराया था तो वहीं तीन मढ़िया से गौघाट तक सड़क का निर्माण कार्य भी आज दिनांक तक पूर्ण नहीं हुआ है. इसके साथ ही अन्य सड़कों का निर्माण भी स्मार्ट सिटी से ही हो रहा है. जिनमें भगवानगंज स्थित अंबेडकर मूर्ति से ककरयाऊ घाटी और पीली कोटी के नीचे से इमानुएल स्कूल के आगे तक सड़क बनाई गई थी. सड़कों को बने अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है मगर गड्ढे उभर आने पर लीपापोती जरुर कर दी गई है. बस स्टैंड पर ऐलिवेटेड कॉरिडोर के समीप एसआर-1 की सड़क के गड्ढों को सीसी के माध्यम से पक्का कराया गया है.

निगम द्वारा निकाली गई ऑनलाइन निविदा में नगर पालिक निगम अंतर्गत क्षतिग्रस्त सड़कों का विटुमिन द्वारा पेंचवर्क और सुधार कार्य तीन माह में कराया जाना है. इसकी लागत 55 लाख 52 हजार 525 रुपए रखी गई है. 6 अक्टूबर तक निविदा आमंत्रित की गई है. मगर यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि निगम क्षेत्र की कहां की सड़कों के गड्ढों को मरम्मत कराई जाना है. अभी तो अधिकांश सड़कें गारंटी पीरियड में भी निकल सकती हैं. जिनका काम संबंधित ठेकेदार को ही कराना होता है. भले ही नगर निगम द्वारा समय पर कार्य न करने वाले ठेकेदारों को निष्कासित करने की चेतावनियां दी जाती रही हैं.

# गिरवर रेलवे ट्रैक से युवती का शव बरामद, युवक भोपाल रैफर

**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 सितंबर. सानौधा थाना अंतर्गत गिरवर रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे लाइन से एक नाबालिग युवती का शव बरामद किया गया है तो वहीं कुछ दूरी से ही गंभीर रुप से घायल युवक को सागर से भोपाल उपचार के लिए रैफर कर दिया गया है.**

थाना प्रभारी सानौधा भरत सिंह ठाकुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज शुक्रवार को सूचना मिली थी कि गिरवर रेलवे स्टेशन के समीप एक युवती का शव पड़ा है. सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर नाबालिग युवती के शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया. तो वहीं रेलवे ट्रैक की सर्चिंग कराई. इसी दौरान लड़की के शव से लगभग 100 मीटर दूरी पर ही एक युवक अत्यंत गंभीर अवस्था में पाया गया जिसकी सांसे चल रही थी, स्थिति बहुत नाजुक थी, थाना प्रभारी सानोधा ने 112 कंट्रोल रूम प्रभारी उप निरीक्षक आरके एस चौहान और एफआरवी डायल-112 से सागर जिला चिकित्सालय रवाना किया जहां से घायल युवक बीएमसी और बीएमसी से युवक को भोपाल रैफर कर दिया गया है. युवक की पहचान जगदीश पिता गजराज लोधी उम्र 21 वर्ष निवासी देवलपानी के रुप में की गई है जिसके सर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आयी हैं. जो कि बोलने की स्थिति में नहीं था जिसके कारण डॉक्टरों को बयान भी नहीं देखा सका है नाम बड़ी मुश्किल से सामने आया है.

# जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा



**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 सितंबर. कलेक्टर संदीप जी.आर द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से जननी सुरक्षा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.** उन्होंने योजना की समीक्षा बैठक आयोजित कर अधिकारियों को निर्देश दिए. कलेक्टर ने कहा कि गर्भवती माताओं को प्रसव के दिन ही जननी सुरक्षा योजना की राशि उपलब्ध कराई जाए.उन्होंने निर्देश दिए कि योजना से संबंधित पोर्टल पर आ रही तकनीकी समस्याओं का तत्काल सुधार किया जाए.

# निर्माणाधीन कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश



**नवभारत न्यूज**

**राहतगढ़ 5 सितंबर. खाद्य मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने करोड़ों रुपये की लागत से निर्माणाधीन अत्याधुनिक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, मॉल, मल्टीप्लेक्स सिनेमा हॉल और प्रशिक्षण भवन का अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया.**

उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों व ठेकेदार को कार्य को शीघ्रता व उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए. मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि यह शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और मॉल महानगरों के आधुनिक मॉल्स को टक्कर देगा. इसमें मल्टीप्लेक्स सिनेमा हॉल, रेस्टोरेंट्स, और व्यवस्थित दुकानों जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जो नागरिकों को मनोरंजन और खरीदारी का शानदार अनुभव प्रदान करेंगी.

इस दौरान एसडीएम अशोक सेन, तहसीलदार निर्मल सिंह राठौर, दिनेश राय, इंजी. दीपक ढिमोले, टीआई मुकेश सिंह ठाकुर, प्रियंक तिवारी, सुरेंद्र रघुवंशी,विनोद ओसवाल, विनोद कपूर, आयुष श्रीवास्तव, नेकीराम खटीक, अमित राय, डैनी जैन मौजूद थे.

## वृद्ध ने लगाई फांसी

**रहली.** बरखेरा जगन में 70 वर्षा के वृद्ध ने अज्ञात कारण से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस के अनुसार 70 वर्षीय हल्काई सेन खाना खाकर रोड पर बने मकान में गए थे, जब रात 8 बजे तक घर नहीं लौटे तो परिवार का ही रामू सेन दादा को देखने गया, जहां घर के सामने का दरवाजा लटका हुआ था, रामू ने अंदर जाकर देखा वृद्ध का शव पंखे के कुंदे से बनाए फंदे पर झूल रहा था, रामू ने यह बात परिजन को बताई. वृद्ध के रहली में रहने वाले पौत्र सरमन सेन ने पुलिस को सूचना दी, मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की.

# अंत्योदय आदर्श ग्राम अभियान का शुभारंभ



**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 सितंबर. डाक संभाग द्वारा सागर एवं दमोह जिले के 79 ग्रामों के प्रत्येक व्यक्ति को डाक विभाग की योजनाओं से जोड़ने के लिए अंत्योदय आदर्श ग्राम अभियान का शुभारंभ किया गया.**

मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती संगीता तिवारी ने कहा कि समय के साथ डाक विभाग में कई बदलाव हुए हैं और इस विभाग का अपनापन ही है जो लोगों का विश्वास इस पर कायम है. डाक विभाग लोगों के वित्तीय हितों को ध्यान में रखते हुए उनके जीवन को बदलने का कार्य कर रहा है. अध्यक्षता डाकघर प्रवर अधीक्षक अनिल कुमार आरख ने की. सहायक अधीक्षक विनय श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय डाक एक विभाग नहीं बल्कि लोगों को जोड़ने वाला एक नेटवर्क है जिसमें सबसे ज्यादा युवा जुड़े हुए हैं. हितग्राही बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि खाता की पासबुक भेंट की. डाक जीवन बीमा योजना के तहत श्रीमती सुधा को चैक, समूह सुरक्षा बीमा योजना के तहत 10 लाख का चैक योगेश कौशल एवं ढाई लाख का चैक पवन को दिया.

## गणेश विसर्जन के दौरान अधिकारियों को दायित्व

**सागर.** गणेश विसर्जन पर मुख्य मागों से जुलूस निकाले जाने का आयोजन 6 सितम्बर को शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालक दंडाधिकारियों को दायित्व सौंपे गए. कटरा चौकी संयुक्त कलेक्टर अमन मिश्रा एवं नायब तहसीलदार प्रतीक रजक, लेदहरा नाका गणेश विसर्जन स्थल के लिए कार्यपालिका दंडाधिकारी संदीप तिवारी, मोतीनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सहायक अधीक्षक भू अभिलेख सुनील खरे, कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत देवी प्रसाद चक्रवर्ती, सिविल लाइन गोपालगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत संगीता सिंह, विनोद सिंह मौजूद रहेंगे.

# जहां आशा है वहीं निराशा होती

**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 सितंबर. उत्तम आकिंचन्य धर्म पर नेहानगर मकरोनिया में ऐलक श्री दयासागर महाराज ने कहा कि कहा कि यदि आराम चाहते हो तो राम की तरफ जाओ और यदि द्वंद चाहते हो तो दाम की तरफ जाओ क्योंकि सुखी जीवन उसका ही हो पाया है जिसने परिग्रह को कम किया है अन्यथा परिग्रहों को बढ़ाने वाले तो संसार में फंसते हुए ही देखे गए हैं.**

ऐलक श्री ने कहा कि असली पाखंडी वह है जो पापों का खंडन उत्तम आकिंचन्य धर्म को अंगीकार करके करता है. उत्तम आकिंचन्य धर्म अंगीकार करके जगत को समझाने की जरूरत है स्वयं उसको समझने की आवश्यकता है, क्योंकि चारित्र को धारण करने वाले का जीवन स्वयं बोलता है.

ऐलक श्री नेककहा कि मुनि पथ पांचों पापों से निकाल कर रत्नत्रय में स्थित करने वाला है और यही मार्ग ही समीचीन है, समीचीन मार्ग ना होने से इष्ट की सिद्धि नहीं हो सकती है और समीचीन मार्ग यानि संयम रूपी उत्तम आकिंचन्य धर्म को अंगीकार करने वाला व्यक्ति ही काल को जीत सकता है.

# गणेश उत्सव पर्व की धूम



**नवभारत न्यूज**

**बीना 5 सितंबर. नगर में आ गए गणेश बब्बा खुशियों की आशीष के साथ शहर के हर वार्डो,मोहल्ले में विभिन्न प्रकार की भगवान गणेश की प्रतिमाओं को,घरों में,मंदिरों में, सड़क पर पंडालो को सजा कर प्रतिमाओं को स्थापित किया गया है.**

इन दिनों पूरा शहर रोशनी से जगमग हैं ऐसे ही चंद्रशेखर वार्ड मैदा मिलाकर पीछे सिद्धिविनायक कॉलोनी बाल गणेश समिति तथा चौबे कॉलोनी में माता के मंदिर में दुर्गा समिति के सदस्य द्वारा भगवान गणेश जी की मनमोहक प्रतिमा को साज सज्जा के साथ लाइट डेकोरेशन कर स्थापित की गई हैं जिसे देखने भक्त सुबह शाम आते हैं. जिसमें समिति के सदस्यों के साथ भक्तजन 8 बजे विशेष आरती गाते हैं. रात्रि जागरण का आयोजन समिति द्वारा किया जाता है जिसमें महिला मंडली एवं पुरुष मंडलियों द्वारा रात्रि जागरण में भजन, कीर्तन, सुंदरकांड आदि कार्यक्रम आयोजित किये जातें हैं.

बाल गणेश समिति सदस्य बॉबी, अजय, मयंक, मोहित, ललित, शुभम, अंकित, डुग्गू एवं दुर्गा समिति सदस्य राजेश रजक, ऋषभ अहिरवार,राहुल अहिरवार, रोहित चंदेल,समीर ठाकुर,सुनील पटेल,रामू राय सहित कई भक्तगण उपस्थित रहे.

## सरपंच का शव मिला

**बीना.** भानगढ़ रोड पर गुरयाना के पास देवल पंचायत के सरपंच लाखन सिंह का शव संदिग्ध हालात में पड़ा मिला. विगत दिवस शाम को हुई इस घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने इसे दुर्घटना मानने से इनकार करते हुए हत्या की आशंका जताई है. मौके से उनकी बाइक और एक सफारी गाड़ी का टूटा हुआ हिस्सा भी बरामद हुआ है. ग्रामीणों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी. बीना और भानगढ़ थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची. पुलिस ने जब शव को उठाने का प्रयास किया तो परिजनों और बड़ी संख्या में जमा हुए ग्रामीणों ने उन्हें रोक दिया. उनका आरोप था कि यह सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या है, वे सफारी गाड़ी के टुकड़े को सबूत मानकर मामले की गहन जांच की मांग कर रहे थे. करीब दो घंटे तक पुलिस और ग्रामीण आमने-सामने रहे.

# नगर पालिका ने की गणेश विसर्जन की तैयारियां



**नवभारत न्यूज**

**खुरई 5 सितंबर. प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से नगर में गणपति बप्पा पर्व मनाया गया और मूर्ति स्थापना के साथ विसर्जन का भी दिन आ गया.**

जानकारी के अनुसार शनिवार के दिन नरेन नदी पर गणपति मूर्तियों का विसर्जन होगा. लगातार 10 दिन तक सम्पूर्ण नगर में गणपति बप्पा की पूजा अर्चना होती रही, नगर में छोटी बड़ी 60 से अधिक मूर्तियों की स्थापना की गई थी, सम्पूर्ण नगर 10 दिन तक धर्ममय बना रहा. सभी ने अपने-अपने तरीके से गणपति बप्पा की सेवा भाव से भक्ती की, सम्पूर्ण भारत में और जो भी भगवान गणपति जी को मानते हैं वह सच्ची श्रद्धा भाव से उनकी स्थापना करते हैं. पंडितों और जानकारों ने बताया कि मूर्ति की स्थापना किसी भी कार्य की शुरुआत को सफल बनाने, बाधाओं को दूर करने, बुद्धि-ज्ञान प्राप्त करने और जीवन में सुख-समृद्धि व सकारात्मक ऊर्जा लाने के लिए की जाती है.

भगवान गणेश को विघ्नहर्ता और प्रथम पूज्य माना जाता है, इसलिए कोई भी शुभ कार्य शुरू करने से पहले उनकी पूजा करना शुभ होता है. भगवान गणेश को विघ्नहर्ता के रूप में जाना जाता है, जिसका अर्थ है कि वे सभी प्रकार की बाधाओं और संकटों को दूर करते हैं. गणेश जी बुद्धि, ज्ञान, और सफलता के देवता हैं. उनकी स्थापना से जीवन में सफलता मिलती है और घर में सुख-समृद्धि आती है. किसी भी नए काम, व्यवसाय या घर में प्रवेश करने से पहले गणेश जी की पूजा करना एक नई और सफल शुरुआत सुनिश्चित करता है.

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार श्रीमति पुष्पा पुत्री रामबूझ प्रसाद रजक निवासी ग्राम सलैया तह. बडामलहरा जिला छतरपुर (म.प्र.) ने शिखरचंद जैन वल्द रामप्रसाद जैन, राहुल जैन वल्द शिखरचंद जैन दोनो निवासी दुबे तालाब के पास, सूबेदार वार्ड, सागर से एक प्लाट मौजा उदयपुरा पटवारी हल्का नं. 64, रा.नि.मं. सागर-1 तह. व जिला सागर जो नगर निगम सीमा सागर के अंदर वार्ड कं. 48, अंबेडकर वार्ड, सागर में स्थित हक भूमि स्वामी खसरा नं. 86/5/1, 89/3, 90/3 क्षेत्रफल 450 वर्गफुट या 41.82 वर्गमीटर है, को बैनामा दिनांक 27.11.2024 ई. पंजीयन न. एम.पी.33712024ए11355140 क्रय किया था जिसकी दिशायें पूर्व में 15 फुट चौडा रास्ता, पश्चिम में धर्मराज ठाकुर का मकान, उत्तर में मुकेश सोनी का प्लाट, दक्षिण में ब्रजेश पटैल का मकान है, जिसकी लिंक रजिस्ट्री दिनांक 24.03.2019 जिसका ई. पंजीयन नं. एम.पी.33712019ए1203639 है वह लिंक रजिस्ट्री गुम हो गयी है। मेरे पक्षकार द्वारा बैनामा दिनांक 27.11.2024 से क्रय की गयी सम्पत्ति को बंधक रखकर, **Indusind Bank Branch Civli Line, Sagar** से ऋण लिया जा रहा है। जिसमें लिंक रजिस्ट्री की मूल प्रति रखा जाना अति आवश्यक है गुम होने की सूचना मेरे द्वारा संबंधित थाने में थाना प्रभारी को की जा चुकी है और उसकी पावती मेरे द्वारा प्राप्त कर ली गयी है।

यदि किसी व्यक्ति संस्था निकाय को मेरे पक्षकार द्वारा **Indusind Bank Branch Civli Line, Sagar** से ऋण लेने में किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह प्रकाशन के तीन दिवस के अंदर मेरे कार्यालय जो कि 5/18 स्नेह नगर कॉलोनी शिवाजी वार्ड स्तुति मैरिज गार्डन के सामने गोपालगंज तह. व जिला सागर (म.प्र.) है में उपस्थित होकर आपत्ति से संबंधित समस्त दस्तावेज प्रस्तुत करें तीन दिवस की अवधि के पश्चात आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

सागर/दिनांक :

सूचनाकर्ता
**जलज सोनी एडव्होकेट**
सिविल कोर्ट सागर (म.प्र.) मो. नं. 9407542513

# ईद मिलादुन्नबी पर आकर्षक झांकियों के साथ निकला जुलूस



**नवभारत न्यूज**

**सागर 5 सितंबर. पैगम्बर इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी का पर्व शहर में जश्न और उल्लास के साथ मनाया गया.**

जानकारी के अनुसार जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज की अगुवाई में जुलूस निकाला गया. जुलूस की शुरुआत सदर से हुई, जो कटरा से गुजरते हुए पुनः सदर पहुँचा, जहां दुआ के साथ इसका समापन हुआ. जुलूस के दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया. फूलों की वर्षा और मिठाई बांटकर अकीदतमंदों का अभिनंदन किया गया. जुलूस के समापन पर मौलानाओं और बुर्जुर्गों ने अमन-ओ-शांति की दुआ मांगी. मुल्क की सलामती, तरक्की और भाईचारे के लिए फरियाद की गई. इसके बाद तब्बरुक बांटा गया, जिसे लोगों ने बड़ी अकीदत के साथ ग्रहण किया. सिर्फ सदर और कटरा ही नहीं, बल्कि शहर के कई इलाकों में भी ईद मिलादुन्नबी की धूम रही. गोपालगंज, शनिचरी, कृष्णगंज और लाजपतपुरा वार्ड में भी जुलूस और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए.

## महफिल-ए- मीलाद का दौर चलता रहा

रातभर महफिल-ए-मीलाद का दौर चलता रहा, जिसमें नात-ए-पाक पेश की गईं और बच्चों-बुर्जुर्गों ने हिस्सा लिया. जुलूस को देखते हुए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा. जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई, अधिकारी लगातार जुलूस के साथ चलते रहे ताकि कोई असुविधा न हो. प्रशासन की मौजूदगी से आयोजन शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ. इस मौके पर अन्य वर्गों के लोगों ने भी जगह-जगह स्वागत कर गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की. विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जुलूस का स्वागत कर मिठाइयाँ वितरित कीं और आपसी भाईचारे का संदेश दिया. पूरे दिन शहर ईद मिलादुन्नबी की रौनक से जगमगाता रहा. मस्जिदों और घरों में सजावट, रोशनी और झंडियों से त्यौहार का रंग हर गली-मोहल्ले में साफ दिखाई दिया.